संजय मेधावी
कुलसचिव
Sanjay Medhavi
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)
Lucknow-226007 (U.P.) India

Ref. ..................................
Date..................................

प्रबन्धक / प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
जनपद–लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय,

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 745 / सत्तर–2–2023–16(11) / 2017टी.सी., दिनांक : 20.03.2023 द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत नवीन महाविद्यालय अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रमों / विषयों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) में सत्र 2023–24 के लिए **संशोधित समय सारिणी** निर्धारित करते हुए सहयुक्तता प्राप्त करने हेतु *"henoc.upsdc.gov.in" पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन* सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त शासनादेश के अनुसार 15 अप्रैल, 2023 तक निरीक्षक मण्डल पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।

इस सम्बन्ध में सूच्य है कि शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल पर कतिपय महाविद्यालयों द्वारा दिनांक **10.04.2023 तक ऑनलाइन आवेदन किया गया है किन्तु आवेदन पत्र की हार्डकापी विश्वविद्यालय को अद्यतन उपलब्ध नहीं करायी गयी है।**

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन अस्थायी / स्थायी सहयुक्तता के लिए दिनांक 10.04.2023 तक आवेदन कर दिया गया है किन्तु ऑनलाइन आवेदन के प्रिन्ट की हार्डकापी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की गयी है, को **निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 13.04.2023 को 01:30 बजे तक प्रत्येक दशा में विशेष वाहक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के प्रिन्ट की हार्डकापी संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें** ताकि 15 अप्रैल तक निरीक्षक मण्डल के नाम शासन के पोर्टल पर अपलोड किये जा सकें अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या : AF-7776-78 दिनांक : 11/4/23

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्धक, समस्त सम्बद्ध / सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) को अनुपालनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट / कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(प्रमोद कुमार मिश्रा)
सहायक कुलसचिव (सम्ब.)
11/4/2023